तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 एक साल से गठित हैं दूध उत्पादन सहकारी समिति, अब तक शुरू नहीं हो सका काम



## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**कोरबा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कोरबा की बैठक कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में 26 नवंबर को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### केएन कालेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**कोरबा।** कमला नेहरू कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 27 नवंबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 9 नियोजकों उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक कोरबा, रोजगार सृजन कोरबा, सिटी डेंटल कोरबा, प्राईमरिका लाईफ इंश्योरेंस कोरबा, एस.बी.इंटरप्राइजेस कोरबा, रेडमून क्लब इंटरनेशनल प्राईवेट लिमि.कोरबा, कैलाश ऑटो एजेंसी कोरबा, वेदान्ता स्कील स्कूल लर्नेट स्कील लिमिटेड कोरबा के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### टीएल प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें सुनिश्चितः आयुक्त

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बैठक के दौरान कलेक्टर टीएल, जनदर्शन, पीजीएन एवं पीएमओपीजी, निगम टीएल के साथ-साथ जनसमस्याओं व जनशिकायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों आदि के निराकरण की जोनवार व विषयवार समीक्षा की। उन्होने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि टीएल प्रकरणों, जनशिकायतों व जनसमस्याओं से जुडे.आवेदनों, प्रकरणों आदि का निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएं, संबंधित अधिकारी प्रकरणों के निराकरण की सतत मानीटरिंग नियमित रूप से अपने स्तर पर करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं कि सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा में किया जा रहा है।

### पीएम किसान निधि को मनाया गया किसान उत्सव के रुप में

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त की राशि कृषकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरण हुआ, जिसके उपलक्ष्य में कृषि उपसंचाकल कोरबा के मार्गदर्शन में पोड़ी उपरोड़ा कृषि विभाग अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द में एक कार्यक्रम के तहत कृषकों को 21वीं किश्त की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरण कर किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। जहां किसानों के मोबाइल पर 2 हजार राशि आने का संदेश प्राप्त होते ही उनके चेहरे खिल उठे। पोड़ी के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश कुमार देवांगन ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही यह निधि उनकी आय दुगुनी करने और उन्हें सम्मान देने के लिए है। देश के प्रधानमंत्री किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य पर लगातार काम कर रहे है। जरूरत के समय मिलने वाली यह किश्त छोटे किसानों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है।

### मनरेगा के पशु शेड निर्माण से गौपालन में मिली नई राह

**कोरबा।** विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत कोनकोना निवासी नारायण पिता धर्मजीत छोटा व्यवसाय शुरू करने और गौपालन से आमदनी बढ़ाने का सपना संजोए हुए था लेकिन घर में साधनों की कमी उसके कदम रोक रहे थे। इन्हीं चुनौतियों के बीच मनरेगा नारायण के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। पंचायत से जानकारी मिली कि योजना के तहत पशुधन के लिए पक्का शेड निर्माण करवाया जा सकता है। नारायण की समस्या समझते हुए ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया और 77 हजार रुपये की लागत से पशुशेड निर्माण की स्वीकृति दी। निर्माण के दौरान नारायण और उनके परिवार के सदस्यों को मनरेगा के माध्यम से रोजगार भी मिला। इससे नारायण को दोहरा लाभ मिला बारिश, ठंड और गर्मी से पशुओं को सुरक्षित रखना भारी पड़ता था। खुले में बंधे पशु अक्सर इधर-उधर चले जाते थे।

## एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम मलगांव व अमगांव का मामला

# मुआवजे के नाम पर करोड़ों का धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सीबीआई ने किया अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित ग्राम में स्थित सरकारी भूमि या अन्य भूमि पर निर्मित मकानों में पात्र संपत्ति के मालिक व दावेदार का निर्धारण करने के लिए एसईसीएल के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अपने या अपने परिजनों के नाम पर धोखाधड़ी कर मुआवजा के नाम पर 3 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त करने वाले दो लोगों के खिलाफ सीबीआई व एसईबी की टीम ने अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- सरकारी व अन्य भूमि पर निर्मित मकानों में पात्र संपत्ति मालिक व दावेदार के निर्धारण में हुई थी गड़बड़ी की शिकायत
- निजी व्यक्तियों द्वारा एसईसीएल अधिकारियों से मिली भगत कर अपने रिश्तेदारों के नाम पर वसूला गया मुआवजा

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित ग्राम मलगांव व अमगांव में जमीन अधिग्रहण के बदले पात्र संपत्ति मालिक व उचित दावेदारों के निर्धारण में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया था। पूर्व में जमीन अधिग्रहण के दौरान निजी व्यक्तियों के द्वारा अपने रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी ढंग से जमीन व मकान के बदले मुआवजा राशि प्राप्त करने की शिकायत की गई थी। स्थानीय ग्रामीण लोकेश कुमार और आशीष कश्यप ने सीबीआई और एसीबी छत्तीसगढ़ को लिखित शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि कुछ निजी व्यक्तियों ने एसईसीएल के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर पात्र संपत्ति मालिक व उचित दावेदार का निर्धारण कर सरकारी खजाने में करोड़ों की धोखाधड़ी की है। सीबीआई व एसीबी की टीम ने शिकायत के बाद मामले की जांच के दौरान पाया कि खुशहाल जायसवाल ने मलगांव, अमगांव जैसे गांव में स्थित सरकारी भूमि या अन्य भूमि पर निर्मित मकानों के लिए अपने नाम पर या अपने निकटतम परिवार के सदस्यों के नाम पर 7 से अधिक बार 1 करोड़ 60 लाख 34 हजार रूपये से अधिक का मुआवजा दावा किया और राशि प्राप्त की है। वहीं दूसरी ओर खुशहाल जायसवाल के चचेरे भाई राजेश जायसवाल द्वारा मलगांव व अमगांव में स्थित सरकारी भूमि या अन्य भूमि पर निर्मित मकानों के लिए 9 से अधिक अवसरों पर अपने या अपने निकटतम परिवार के सदस्य के नाम पर 1 करोड 83 लाख 65 हजार रूपये से अधिक का मुआवजा दावा किया और राशि प्राप्त की। खुशहाल जायसवाल व राजेश जायसवाल ने कई बार संपत्ति (मकानों) के मुआवजे के लिए आवेदन किया है और मुआवजे के आवेदन करते समय हलफनामा दिया है कि उनके पास जमीन पर कोई अन्य मकान नहीं है। यहां बताना होगा कि खुशहाल जायसवाल एवं राजेश सवाल के द्वारा वासभूमि के लिए मुआवजे के कई दावे खुशहाल जायसवाल, राजेश जायसवाल एवं अन्य रिश्तेदारों द्वारा एसईसीएल अधिकारियों के बीच साजिश को उजागर करता है। जिन्होंने राशि वितरित करने से पहले वाशभूमि के लिए मुआवजा की पात्रता के लिए दावे और आवश्यकताओं को सत्यापित कर जांच नहीं किया है। यही वजह है कि एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन अधिग्रहण के बाद पात्र संपत्ति व उचित दावेदार के नाम पर करोड़ों रूपये का मुआवजा राशि हासिल कर सरकारी खजाने में धोखाधड़ी की है। यही वजह है कि खुशहाल जायसवाल एवं राजेश जायसवाल सहित अन्य रिश्तेदारों सहित एसईसीएल के अज्ञात अधिकारियों की ओर से की गई चूक या कमीशन के इस कार्य ने एसईसीएल (लोक राज कोष) को 3 करोड़ 44 लाख रूपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया है, जिसके तहत इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, आरडब्ल्यू 420 एवं पीसी अधिकनियम 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 13 (1) (ए) आरडब्ल्यू 13 (2) और उनके मूल अपराधों का एक कमीशन बनता है।

यही वजह है कि राजेश व खुशहाल जायसवाल के खिलाफ सीबीआई व एसीबी द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अब देखना है कि आने वाले दिनों में सीबीआई व एसीबी की टीम करोड़ों रूपये के इस धोखाधड़ी के मामले में क्या कार्यवाही करती है।



फाइल फोटो

### दावेदार का होना चाहिए स्थायी निवास

उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई 2022 को नई दिल्ली में आयोजित एसईसीएल के निदेशक मंडल की 326वीं बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त के अनुसार वासभूमि के लिए मुआवजे का पात्र होने के लिए दावेदार को अधिकृत गांव व अधिग्रहित भूमि का स्थायी निवास होना चाहिए। साथ ही उपरोक्त अधिसूचनाओं के प्रकाशन की तिथि पर परियोजना क्षेत्र में सामानय रूप से निवास करना चाहिए। सीबीए अधिनियम की धारा 9 (1) के तहत दावेदार को कम से कम पिछले 5 वर्षों के लिए व एक वर्ष में कम से कम 6 महीने के लिए परियोजना क्षेत्र में निवास करना चाहिए। हालांकि भूमिहीन वासभूमि के मामले में यह अवधि 3 वर्ष की है।

# बर्खास्त आरक्षक सहित दो गिरफ्तार चोरी की चार बाइक हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाइक चोरी के मामले में पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बाइक चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि जिला पुलिस बल से बर्खास्त एक आरक्षक ही निकला है, जो अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मोटरसायकल की चोरी किया करता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल 4 मोटरसायकल जब्त किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस फिलहाल पूछताछ में जुटी हुई है।



शत्रुहन।



धरमदास।

कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि पंप हाउस निवासी रोहित दास 19 वर्ष पिता धरमदास व जिला पुलिस बल ने आरक्षक जिसे बर्खास्त कर दिया गया है शत्रुहन उरांव दोनों मिलकर मोटर सायकल की चोरी किया करते थे। मुखबीर की सूचना पर कुसमुंडा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने रोहिदास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की 3 गाड़ी जब्त की है, जबकि शत्रुहन उरांव के कब्जे से चोरी की एक मोटर सायकल जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और दोनों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों मोटरसायकल चोरी कर उसे औने पौने दाम में खपाया करते थे। बताया जाता है कि जिला पुलिस बल से बर्खास्त हुए शत्रुहन का आचरण सही नहीं होने से लगभग एक साल पूर्व ही उसे जिला पुलिस बल से बर्खास्त किया गया है। अब चोरी के मामले में पकड़े जाने के बाद पुलिस इस मामले को और गंभीरता से ले रही है और चोरी के कुछ अन्य मामलों में भी दोंनों से पूछताछ कर रही है। कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि रोहित दास आदतन बदमाश है, जिसके खिलाफ कई मामले दर्ज है। पुलिस की पूछताछ पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि दोनों ने किस किस क्षेत्र से और कहां कितनी मोटरसायकल की चोरी की है।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना व साइबर सेल की टीम ने दोनों को लिया हिरासत में, कर रही है पूछताछ

### बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 28 को

**कोरबा।** कोरबा जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा 28 नवम्बर को बालिका वर्ग में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9 बजे से शा. महाविद्यालय पी.जी. कालेज खेल स्टेडियम कोरबा में आयोजन किया जायेगा। जिसमें केवल 14 वर्ष एवं 16 वर्ष की बालिका ही भाग ले सकती है। खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र एएफआई द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय को दिया जायेगा। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा निर्देश में सम्पन्न होगा।

# धान खरीदी के मामले में लगातार हो रही दबिश से सहमे हुए हैं गांव के दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में धान की खरीदी कर जमा करने वाले दुकानदारों में प्रशासन की कार्यवाही का भय सताने लगा है। जिस तरह से प्रशासन ने धान खरीदी की शुरुआत से ही अवैध धान की आवक रोकने के लिए ग्रामीण अंचलों के दुकानों एवं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है जिनके द्वारा छोटे छोटे किसानों से कम मात्रा में धान की खरीदी कर जमा कर लिया जाता था और खरीदी के दौरान ही समितियों में खपा दिया जाता था। इससे दहशत का वातावरण बन गया है।

**खास बातें**

- जिले के सभी ब्लाक के गांव में राजस्व विभाग की टीम दबिश देकर जप्त कर रही है धान
- अब तक 2 सौ क्विंटल से अधिक धान की हो चुकी है जप्ती

धान खरीदी में इस वर्ष किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन ने शुरुआत से ही सख्ती बरतना शुरु कर दिया है। ग्रामीण अंचलों में ऐसे लोगों को चिन्हांकित किया जा रहा है जो छोटे छोटे किसानों से धान की खरीदी कर व्यवसाय की दृष्टि से उसे गोदाम में जमा कर देते थे बाद में ऐसे धान को खरीदी के दौरान समितियों में खपा दिया जाता है या फिर जिले से बाहर अन्य बड़े व्यवसायियों को बेच दिया जाता है। इस तरह के व्यवसाय पर इस बार प्रशासन की नजर पड़ गई है और ऐसे लोगों के यहां राजस्व विभाग की टीम दबिश दे रही है। इस दबिश से कहीं 20 क्विंटल तो कहीं 80 क्विंटल धान की जप्ती होने का खुलासा हो रहा है। ताबड़तोड़ हो रही इस कार्यवाही से धान खरीदी में कोचिये की भूमिका निभाने वाले किसानो और धान खरीदी व्यापार से जुड़े व्यवसायियों में भय व्याप्त हो गया है। दबिश की कार्यवाही पाली ब्लॉक के ग्राम निरधी से शुरु हुई थी जो पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम रोदे तक पहुंच गई है।



कार्यवाही करते राजस्व विभाग की टीम।

### पोड़ी में 30 बोरी अवैध धान किया गया जप्त

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध धान के परिवहन, भंडारण व विक्रय पर नियंत्रण लगाने गम्भीरता से कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली रोहित सिंह के मार्गदर्शन मे तहसीलदार पाली भूषण सिंह एवं नायब तहसीलदार पाली सुजीत पाटले, हल्का पटवारी एवं कोटवार के द्वारा ग्राम पोड़ी में कोचिए के घर में अवैध रूप से भंडारित लगभग 30 बोरी धान को जप्त किया गया है एवं आगे कार्यवाही की जा रही है।

# खोलार नदी पर नहीं बना पुल, ग्रामीणों को तय करना पड़ रहा लंबा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-पश्चिम खोलार नदी पर बगदेवा के पास नए पुल का निर्माण नहीं होने से आसपास के 6 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। बगदेवा बस्ती के पास खोलार नदी पर पुल जर्जर होने के बाद दोनों छोर पर गड्ढा कर रास्ते पर आवाजाही को बंद कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रभावित ग्राम के ग्रामीण अब ग्राम मोहनपुर से होते हुए ग्राम सुतर्रा के रास्ते से कटघोरा पहुंचते हैं। इससे कटघोरा जाने लगभग 6 किलोमीटर अधिक दूरी तय करते हैं। बगदेवा बस्ती के पास नए पुल का निर्माण नहीं कराया गया है। लगभग 11 साल पहले खोलार नदी पर निर्मित पुल 4 साल से जर्जर अवस्था में होने पर आवाजाही बंद कर दिया गया है, तब से ग्रामीण कटघोरा की ओर आवाजाही के लिए सुतर्रा मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। नया पुल बनने और सड़क की मरम्मत से आवाजाही में ग्रामीणों को राहत मिल पाएगी। पुल नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत राल, डोंगरी, तिलवारी, डोकरीखार, बसंतपुर, मांगामार सहित आसपास ग्राम के ग्रामीणों को कटघोरा की ओर आवाजाही करने अधिक दूरी तय करनी पड़ती है।



जर्जर पुलिया।

हरिभूमि




सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### बोर्ड की परीक्षाएं इस बार फरवरी में ही

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की ओर से हाई स्कूल (10वीं), हायर सेकेंडरी (12वीं) मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। सीजी बोर्ड टाइम टेबल के मुताबिक कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 21 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक वहीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 20 फरवरी से 18 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीजी बोर्ड की ओर से कहा गया है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाओं का आयोजन एक ही शिफ्ट में करवाया जाएगा। परीक्षा के लिए समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12:15 तक रहेगी। छात्रों को 9 बजे कक्षा में स्थान ग्रहण करने, 9:5 तक उत्तर पुस्तिका का वितरण किया जायेगा। इसके बाद छात्रों को 9:10 पर प्रश्न पत्र का वितरण किया जायेगा। छात्रों को 9:15 से लेकर 12:15 तक उत्तर दर्ज करने का समय मिलेगा।

### एसआईआर में गलत जानकारी दी तो जुर्माना

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म में गलत जानकारी और दस्तावेज देने पर एक साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि मृत व्यक्ति या ऐसे लोग जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहे हैं, उनका गणना प्रपत्र जमा न करें। इसी तरह जिनका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है, और वह सभी जगह प्रपत्र जमा करते हैं, और गणना प्रपत्र में गलत घोषणा करते हैं तो यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है। उधर, मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम 4 नवंबर से जारी है।

### पालना सहायिका भर्ती आवेदन 4 दिसंबर तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकासपरियोजना शहरीअंतर्गत वार्ड-22 डॉ. भीमरावअंबेडकर नगर अंतर्गत पालनाकेंद्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंगपरिसर में खुल रहा है। इसमें पालना सहायिका के एक पद परभर्ती की जाएगी। इसके लिए 4दिसंबर तक आवेदन मंगाए गएहैं। सहायिका पद के लिएशैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवंसंबंधित वार्ड निवासी होनाआवश्यक है। आवेदन के संबंधमें जानकारी एकीकृत बाल विकासपरियोजना शहरी केकार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### व्यापार विहार व चांटीडीह में सुबह ही मिलेगा पानी

**बिलासपुर।** अमृत मिशन से पानी की सप्लाई बंद होने के बाद व्यापार विहार और चांटीडीह इलाके में पानी संकट गहरा गया है। ट्यूबवेल के सहारे चल रही व्यवस्था से पानी टंकियों में पर्याप्त मात्रा में नहीं भर पा रहा है, जिससे कारण निगम को सप्लाई करने में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए नगर निगम ने अब इन क्षेत्रों में केवल सुबह के समय ही पानी की सप्लाई करने का निर्णय लिया है। निगम अधिकारियों के अनुसार, अमृत मिशन की सप्लाई बंद होने के बाद दैनिक जरूरत के अनुसार पानी की उपलब्धता कम हो गई है। ट्यूबवेल से भरने वाली टंकियां आधी ही भर पा रही हैं, जिससे दिन में दो बार सप्लाई देना संभव नहीं रह गया है। निगम ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे पानी का अत्यधिक उपयोग न करें और उपलब्ध पानी को आवश्यकता अनुसार ही खर्च करें।

### जबरिया मकान खाली कराने घर में घुसकर तोड़फोड़

**बिलासपुर।** जबरिया मकान खाली कराने घर में घुसकर कर तोड़फोड़ करने के मामले में फरार 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि 23 फरवरी 2025 को राजकिशोरनगर निवासी जी श्रीनिवास राव ने रिपोर्ट लिखाई थी। राजकिशोरनगर तुलसी आवास ब्लाक 6 निवासी जसबीर सिंह उसके घर को छलपूर्वक अपने नाम पर रजिस्ट्री करा लिया है। जिस संबंध में प्रकरण न्यायालय में लंबित है। शाम 5 बजे जसबीर सिंह अपने साथियों के साथ उसके घर में घुसकर गाली गलौज करते मकान खाली करो कहते घर सामानों को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाए है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 332 ग, 324, 4, 3, 5 के तहत अपराध कायम कर लिया था। 25 नवंबर को पुलिस ने फरार आरोपी राजकिशोरनगर निवासी जसबीर सिंह पिता स्व. भूपेन्द्र सिंह 34 साल, यश तिवारी पिता दीपक तिवारी 19 साल, सुदीप दे पिता स्व. संतोष दे 26 साल, उत्कर्ष श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पूर्व में कोई प्रकरण नहीं होने पर उत्कर्ष श्रीवास्तव को मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। वहीं अन्य तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### ग्रामीण से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** रिपोर्ट लिखाने पर ग्रामीण के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को बेलतरा शिव चौक निवासी कीर्तन कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. सौखीलाल सूर्यवंशी की बेटी स्वाती के साथ मेंगो सूर्यवंशी धक्का मुक्की कर रहा था। उन्होंने मना किया तो गाली गलौज की गई। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई।

## निगम आयुक्त ने निगम के जोन कमिश्नरों की ली बैठक

# निर्धारित समय पर पूरा करें निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यः आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को त्रुटिरहित स्वरूप में संपादित कराते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं, अपने अधिनस्थ स्टाफ को इस कार्य बीएलओ, सुपरवाईजर को सभी आवश्यक सहयोग देने के लिए निर्देशित करें। साथ ही प्रतिदिन की कार्यप्रगति की जानकारी अपडेट करते हुए आमनागरिकों, मतदाताओं को सतत रूप से प्रेरित व प्रोत्साहित करें कि वे एसआईआर की सही जानकारी फार्म में भरकर अपने बीएलओ के पास जमा कराएं।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है तथा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने व बीएलओ एप के माध्यम से



अधिकारियों को निर्देश देते आयुक्त।

डिजिटल प्रवृष्टि करने का कार्य प्रगति पर है। कोरबा शहरी क्षेत्र व नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डों में भी विशेष गहन पुनरीक्षत का यह कार्य जारी है। मंगलवार को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम क्षेत्र में निर्वाचक नामावलियों के लिए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा उक्ताशय के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए। बैठक के दौरान एसडीएम सरोज महिलांगे, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, नीरज कौशिक, बीपी त्रिवेदी, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, सुनील टांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 11 में से कोई भी एक दस्तावेज आवश्यक

निगम आयुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गणना पत्रक भरने एवं डिजिटाईजेशन की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली में संबंधित मतदाता का स्वयं या उनके माता-पिता का नाम होने पर किसी प्रकार की दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी, किन्तु यदि 2003 की निर्वाचक नामावली में स्वयं या माता-पिता का नाम नहीं होगा तो इन 11 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज का होना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों में न नियमित कर्मचारी पेंशनभोगी को केन्द्र राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश, 1 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में किसी भी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी पहचान पत्र या प्रमाण पत्र के दस्तावेज, न सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र, न पासपोर्ट न मैट्रिकुलेशन या शैक्षणिक प्रमाणपत्र (मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय द्वारा जारी) न स्थायी निवास प्रमाणपत्र (सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी) न वन अधिकार प्रमाणपत्र न ओबीसी, एससी एसटी या अन्य जाति प्रमाणपत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी) न राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जहाँ लागू हो न परिवार रजिस्टर राज्य, स्थानीय प्राधिकरण द्वारा तैयार) न सरकार द्वारा जारी भूमि, मकान आवंटन प्रमाणपत्र आदि शामिल है। एसआईआर फार्म भरने हेतु नवीन फोटो की आवश्यकता नहीं है, जो पूर्व में है उससे अपडेट किया जाएगा यदि कोई नवीन फोटो देता है तो स्वीकार्य किया जाएगा।

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना, विभागों से मांगे गए सामुदायिक आधारित प्रस्ताव



बैठक में योजना की समीक्षा करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, पल्सेस मिशन एवं अन्य कृषक हितैषी योजनाओं से जिले के किसानों को अधिक लाभान्वित करने तथा फसल उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में पीएम धन-धान्य कृषि योजना अंतर्गत सम्मिलित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित इंडिकेटर को ध्यान में रखते हुए अपने विभाग से संबंधित मांग और प्रस्ताव आगामी दो से तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रस्तुत की जाने वाली मांगें सामुदायिक आधारित हों और जिले की कृषि परिस्थिति के अनुरूप हों। कलेक्टर ने कृषि विभाग, मत्स्य, उद्यानिकी और उद्योग विभाग द्वारा की गई अब तक की तैयारी का अवलोकन किया और आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए। उन्होंने सरसों के फसल उत्पादन में बढ़ोतरी, फसल प्रदर्शन गतिविधियाँ, कोल्ड स्टोरेज निर्माण, किसान क्रेडिट कार्ड की संख्या में वृद्धि, सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण, प्राकृतिक खेती के विस्तार, सिचाई को बढ़ावा देने अवसंरचना का निर्माण, किसान बाजार की स्थापना, मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु बायो-फ्लॉक तकनीक, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए डेयरी इकाइयों की स्थापना, कृत्रिम गर्भाधान, पशु रोगों की रोकथाम, उद्यानिकी नर्सरी को सुदृढ़ करने, सिंचाई प्रणाली तथा कम्युनिटी फेंसिंग जैसे विषयों पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बैठक में बताया कि फसल उत्पादन बढ़ाने तथा आधुनिक तकनीकों को अधिक प्रभावी ढंग से खेतों तक पहुंचाने के लिए वे तकनीकी सुझाव एवं सहयोग उपलब्ध कराते रहेंगे।

# बालको लेडीज़ क्लब ने 52 वर्षों की उपलब्धियों का मनाया जश्न



फीता काटकर उत्सव मेला का शुभारंभ करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बालको के लेडीज क्लब द्वारा वार्षिक उत्सव मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ बालको के सीईओ राजेश कुमार एवं लेडीज क्लब की अध्यक्षा मनीषा कुमार ने किया। क्लब के 52 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह मेला न केवल उपलब्धियों का उत्सव रहा, बल्कि बालको परिवार में एकता, उत्साह और सामुदायिक भावना को सशक्त करने का प्रतीक भी बना। मेले में 500 से अधिक सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। सभी आयु वर्ग के लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजन और पारिवारिक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। परिसर में लगे 20 से अधिक स्टॉल विशेष आकर्षण रहे, जिनमें स्वादिष्ट व्यंजन, पारंपरिक परिधान, हैंडलूम उत्पाद, आभूषण, घरेलू शिल्प, खेल एवं मनोरंजन शामिल थे। इन स्टॉलों ने स्थानीय प्रतिभाओं और महिला उद्यमियों को अपनी कला एवं उत्पाद प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। क्लब द्वारा आयोजित नृत्य, मंच प्रदर्शन, प्रतियोगिताएं और इंटरएक्टिव गेम्स ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। बच्चों, महिलाओं और युवाओं के लिए आयोजित विशेष गतिविधियों ने मेले की रोचकता और सहभागिता को और अधिक बढ़ाया। इस वर्ष का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावशाली रहा। कार्यक्रम के समापन पर लेडीज क्लब की पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और बालको प्रबंधन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सामुदायिक भावना को मजबूत करने वाले कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# राष्ट्रीय स्तर पर स्टार डिस्ट्रिक्ट के नाम से जाना जाता है कोरबा स्काउटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

स्काउटिंग के क्षेत्र में कोरबा जिले की राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान है। राष्ट्रीय स्तर पर कोरबा को स्टार डिस्ट्रिक्ट के नाम से जाना जाता है। सक्षम नेतृत्व, सुदृढ़ कार्ययोजना और टीम वर्क से यह संभव हो सका है।



कार्यक्रम में शामिल स्काउट्स गाइड के लीडर।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स वैश्विक स्काउट आंदोलन का एक हिस्सा है। कोरबा जिले में स्काउट आंदोलन को 2008 से गति मिलनी शुरू हुई। इसके पूर्व तक जिले में गिनते के विद्यालय ही स्काउटिंग से जुड़े थे। लीडर्स भी नाममात्र के थे। गाइड्स यानी बालिकाओं तथा महिला लीडर्स (शिक्षक) की उपस्थिति लगभग नगण्य थी। जनवरी 2008 में जिला मुख्य आयुक्त के रूप में मोहम्मद सादिक शेख की नियुक्ति होती है और शुरू होता है जिले को स्काउटमय बनाने का सफर। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए जिला एवं विकासखंड स्तर पर लीडर्स की एक सक्षम और समर्पित टीम तैयार की गई। दूसरी ओर रोवर्स, रेंजर्स पर फोकस किया गया। रोवर्स, रेंजर्स को स्काउटिंग का रीढ़ माना जाता है। रीढ़ इसलिए कि रोवर्स, रेंजर्स सेवा के लिए तैयार किए जाते हैं। बड़े से बड़े इवेंट्स इनके सहयोग से ही संभव हो पाते हैं। प्रत्येक शासकीय और अशासकीय विद्यालयों तक स्काउट आंदोलन को पहुंचाने और इकाइयों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। साल दर साल इसमें वृद्धि होती गई। महाविद्यालय स्तर पर भी रोवर्स, रेंजर्स की इकाइयों का गठन करते हुए कई ओपन यूनिट्स प्रारंभ की गई। वर्तमान में कोरबा जिला बीस हजार से अधिक की मेंबरशिप के आंकड़ों पर बैठा है। 2024- 25 में 8 प्रतिशत से अधिक की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गई। खास बात यह है कि बालिकाओं और महिला लीडर्स की भागीदारी का प्रतिशत बालक वर्ग से कहीं अधिक हो गया है। ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम (ओवाईएमएस) में भी कोरबा जिला पूरे प्रदेश में अग्रणी है। संख्यात्मक बढ़ोतरी के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया। जिले के साथ ही राज्य के वार्षिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोरबा जिले के कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स की भागीदारी कहीं अधिक है। राष्ट्रीय स्तर के शिविरों और कार्यक्रमों में भी कोरबा की निरंतर उपस्थिति होती है। प्रत्येक वर्ष मिलने वाले राज्यपाल पुरस्कारों में कोरबा संख्यात्मक तौर पर आगे है। 2023- 24 एवं 2024-2025 में सत्र में ही 158 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया। इसी साल जिले के 8 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने राष्ट्रपति पुरस्कार का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कोरबा जिले में देश के पहले स्पेशल बच्चों की सौ से अधिक संख्या वाली यूनिट चल रही है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय में कोरबा स्टार डिस्ट्रिक्ट के नाम से जाना जाता है। इसका कारण स्काउटिंग की उत्कृष्ट गतिविधियों के साथ नवाचार तरीके से स्काउट आंदोलन को गति देना है। सामाजिक कार्यों में सेवा देना हो या फिर शासन- प्रशासन के जनजागरूकता वाले कार्यक्रमों में सहभागिता और सहयोग, इसमें कोरबा के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स की बढ़ चढ़कर भागीदारी होती है।

# दरवाजे का पल्ला तोड़कर साढ़े 3 लाख की चोरी

## मंगला चौक नंदकालोनी में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दरवाजे में ताला लगाकर घर वाले शादी में चले गए। इधर चोरों ने दरवाजे का पल्ला तोड़कर पुराना मकान खंगाल डाला। सोने चांदी के जेवर व नकद रकम सहित साढ़े 3 लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला चौक नंद विहार कालोनी निवासी विनोद पाठक पिता स्व. व्यासनारायण पाठक छ.ग. ग्रामीण बैंक में सहायक प्रबंधन के पद पर कार्यरत हैं। 23 नवंबर की सुबह 10 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर वह परिवार के साथ भतीजे के शादी में शामिल होने नारायण मंगलम चले गए थे।

**■ शादी में गए थे घरवाले**

इसी दौरान रात में सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने घर के मुख्य लकड़ी के दरवाजे का पल्ला तोड़ा और सिटकनी खोलकर अंदर घूस गए। उसके बाद पुरे मकान को खंगाल डाला। चोरों ने आलमारी से सोने की बाली 2 नग, सोना का चेन 1 नग, सोना का टाप्स 5 जोड़ी, सोने की अंगुठी 2 नग, चांदी की थाली 2 नग, कटोरी 4 नग, गिलास 2 नग, प्लेट 2 नग, लोटा 2 नग, चम्मच 2 नग, पायल 6 नग, करधन 2 नग, 50 नग चांदी के सिक्का, 72 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार आसानी से भाग गए। 24 नवंबर को दोपहर 2 बजे श्री पाठक घर आए तब चोरी की जानकारी हुई। श्री पाठक ने बताया चोरो ने उनके घर से साढ़े तीन लाख का सामान चोरी कर लिया है। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना करने के बाद लौट गई है। पुलिस ने श्री पाठक की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### पशु विभागकर्मी के घर डेढ़ लाख की चोरी

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, कोरमी ग्रीन कालोनी निवासी अमिता बंजारे पिता स्व. सुभाष बंजारे पशु विभाग में सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी है। 17 नवंबर को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर वह पैतृक गांव पाराघाट चली गई थी। 23 नवंबर को शाम 6 बजे घर आई तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखी तो सामान अस्त व्यस्त थे और आलमारी से सोने का चेन, 5 जोड़ी टाप्स, 5 सोने की अंगूठी, 2 जोड़ी पायल, बिछिया, 2 मोबाइल, 2 गैस सिलेण्डर, 20 हजार रुपए नकद, एफडी व जमीन के दस्तावेज सहित डेढ़ लाख का सामान चोरी हो गई थी।

### जांच एजेंसी स्वयं जांच में फंसी, चोरों का चांदी

चोर गिरोह सक्रिय होकर सिविल लाइन क्षेत्र के साकेत अपार्टमेंट के दो मकानों, उसलासपुर गुलमोहर कालोनी व सरकण्डा क्षेत्र के मकान में बड़ी चोरी व रतनपुर में बस में रायपुर के सराफा व्यापारी की 1 करोड़ के जेवर व नकद से भरा बेग चोरी कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। मजेदारबात यह है कि चोर गिरोह के पतासाजी के गठित एसीसीयू टीम स्वयं मोबाइल लोकेशन के जांच कराने में व्यस्त है।

## पुलिस ने छात्र का कराया पीएम

# पिता ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नवोदय विद्यालय के छात्र की निमोनिया से मौत के मामले में पिता ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में शिकायत की है। इसके बाद पुलिस ने मृतक छात्र का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**■ नवोदय में छात्र की मौत का मामला**

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 25 नवंबर को बेलगहना कृष्णनगर निवासी जय प्रकाश यादव ने लिखित शिकायत की। उनका बेटा हर्षित यादव मल्हार नवोदय विद्यालय में कक्षा दसवीं का छात्र था। 22 नवंबर को विद्यालय प्रबंधन ने हर्षित की तबियत खराब होने की जानकारी देते हुए आकर ले जाने की बात कही। जिस पर वह बाइक से मल्हार नवोदय विद्यालय गए। उन्होंने बीमार बेटे को अस्पताल ले जाने के लिए चार पहिया वाहन उपलब्ध कराने की प्रबंधन से गुहार लगाई। किन्तु प्रबंधन ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया चार पहिया वाहन को प्राचार्य लेकर गए हैं। वह बाइक से अपने बेटे को इलाज के लिए बिलासपुर लेकर आए और निजी हास्पिटल में भर्ती कराए। जहां चार पांच दिन की दवाई देकर छुट्टी दे दी गई। स्वास्थ में सुधार नहीं होने पर वासुदेव क्लीनिक लेकर गए जहां डॉक्टर ने जांच के बाद बताया गया उनका बेटा निमोनिया से पीड़ित है। उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। किन्तु दोपहर 2 बजे उसकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया है उनके द्वारा विद्यालय के छात्रावास में गंदगी व बदइंतजामी को लेकर कई बार प्रबंधन से शिकायत की गई थी। जिसमें भवन में सीलन, दरवाजे खिड़की टूटे हुए हैं संक्रमण का खतरा है। किन्तु प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने छात्र के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# रकबा संशोधन का अंतिम दिन, देर शाम तक होता रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन एवं रकबा संशोधन से संबंधित कामकाज के लिए शासन द्वारा दी गई एक सप्ताह की अतिरिक्त छूट मंगलवार को समाप्त हो गई। अंतिम दिन तहसील कार्यालयों में देर शाम तक रकबा संशोधन का काम चलता रहा। इस दौरान तहसीलदारों की उपस्थिति में सुधार की प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही।

एग्रीस्टेक पोर्टल में नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए शासन द्वारा 19 से 25 नवंबर तक बढ़ाई गई अवधि मंगलवार को समाप्त हो गई। इस अवधि में शासन द्वारा सीधे तहसील कार्यालय जाकर उक्त कार्य करवा लेने संबंधी सुविधा किसानों को दी गई थी। इस संबंध में किसानों के लिए टोल-फ्री नंबर भी जारी किए गए थे, ताकि वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकें। मंगलवार को इस कार्य के अंतिम दिन सुबह से ही किसानों की भीड़ तहसील कार्यालयों में जुटी रही।



### भोजपुरी व पांड़ के किसानों का पंजीयन आटोमेटिक रद्द

तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत सकरी तहसील के भोजपुरी एवं पांड़ गांव के किसानों द्वारा अपना एग्रीस्टेक पंजीयन सितंबर महीने में किया जा चुका था। अब जब धान बेचने का समय आया है तब एग्रीस्टेक पोर्टल से उनका पंजीयन आटोमेटिक रद्द दिखा रहा है। हालांकि संबंधित किसानों द्वारा इस संबंध में सुधार के लिए तहसीलदार या सकरी तहसील में शिकायत या आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है। इस संबंध में भोजपुरी या पांड़ गांव के किसी भी किसान से सुधार के लिए आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं।

# टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर भागा

**बिलासपुर।** खरीदने के लिए टेस्ट ड्राइव के बहाने एक युवक बाइक लेकर भाग गया है। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चटर्जी गली निवासी राहुल मिश्रा पिता यशवंत मिश्रा ने अपनी बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 5144 को बेचने के लिए अपने ओएलएक्स आईडी में 18 नवंबर को विज्ञापन डाले थे। विज्ञापन को देखकर 21 नवंबर को अनजान मोबाइल नम्बर से उन्हें फोन कर उनकी बाइक खरीदना है कहकर देखने की बात कही। उन्होंने मोबाइल धारक को महामाया चौक हरि अमृत चाय दुकान में मिलने के लिए बुलाया। मोबाइल धारक टेस्ट ड्राइव के लिए उनसे पल्सर लेकर निकल गया और वापस नहीं आया।

## खबर संक्षेप



### रंजना लिटियाखार सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**हरदीबाजार।** विकासखंड कटघोरा के ग्रामपंचायत रंजना में लोक निर्माण विभाग द्वारा रंजना से लिटियाखार तक 3.35 किलोमीटर, 2 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पक्की सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटेल ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की बहुत पुरानी मांग थी, जो आज पूरी हो रही है। निर्माण पूर्ण होने के बाद इस मार्ग से आवागमन सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा तथा ग्रामीणों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती ममता मरकाम, युवा आयोग के पूर्व सदस्य रघुराज सिंह उईके, लिटियाखार सरपंच भजन सिंह, राम सिंह, छतन सिंह, प्रेम कुमार, अनूप मरावी, रामशरण पटेल,एसडीओ सतीश पाण्डेय,ठेकेदार अमित अग्रवाल,मन्नु सांई राठौर सहित ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत भलपहरी में मनाया गया मितानीन दिवस



**हरदीबाजार।** स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मितानिनों के अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी, मुक्ता एवं बोकरामुड़ा में मितानीन दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया यह आयोजन मितानिनों के समर्पण सेवा भावना और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल एवं ग्राम पंचायत के प्रमुख पदाधिकारियों सहित मितानिनों की सक्रिय भागीदारी रही जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल ने अपने संबोधन में मितानिनों को स्वास्थ्य योद्धा बताते हुए उनके अथक प्रयासों की सराहना की इसी तरह सरपंच सावित्री कामता प्रसाद सिंह मरावी ने अपने उद्बोधन पर मितानिनों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनसे जुड़ी चुनौतियों को कम करने के लिए पंचायत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भलपहरी में मितानिन मंजूलता राठौर, शांति बाई खांडे, बोकरामुंडा से मितानिन ममता राठौर, प्रेमां जाटवर ,तारा राठौर, एवं ग्राम मुक्ता से रुक्मणी राठौर मितानीन सहित ग्राम पंचायत भलपहरी से जुड़े तीनों ग्राम के मितानिनों को सम्मान के साथ साल ,श्रीफल, फूल माला तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच प्रहलाद राठौर, शिवरतन राठौर, दुर्गा राठौर ,राहुल राठौर, त्रिभुवन सिंह, रामशरण राठौर, मोहन राठौर, द्वारिका प्रसाद, देवराज, अन्नू राठौर, तुलाराम, देवी प्रसाद, गौरीशंकर ,चंदन कंवर ,संजय रोहिदास ,रेवाराम, बुधवार सिंह, हीरालाल सहित महिला समूह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### किसान हितैषी नीतियों से उपार्जन केंद्रों में उमड़ रहे कृषक



**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रदेशभर में धान खरीदी का उत्सव पूर्ण पारदर्शिता, सुव्यवस्था और उत्साह के साथ जारी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में इस वर्ष समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किए जाने तथा खरीदी केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं के व्यापक सुदृढ़ीकरण ने किसानों में अभूतपूर्व उत्साह पैदा किया है। राज्य सरकार द्वारा किसान हितैषी भावना के साथ किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश के सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी कार्य बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से संपन्न हो रहा है। सकारात्मक परिवेश के बीच जिले के ग्राम छुरीकला के किसान विश्वनाथ कैवर्त ने भी इस वर्ष अपनी मेहनत की फसल को छुरी सहकारी समिति में विक्रय के लिए प्रस्तुत किया। करीब 2 एकड़ भूमि में खेती करने वाले श्री कैवर्त पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं। पिछले वर्ष उन्होंने लगभग 40 क्विंटल धान का विक्रय किया था, वहीं इस वर्ष भी वह 40 क्विंटल धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे। श्री कैवर्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया पहले की तुलना में और अधिक सरल और सुविधाजनक हुई है। उन्होंने कहा कि मैंने तुंहर टोकन ऐप से घर बैठे ही टोकन प्राप्त किया, जिससे समय की बचत हुई। छुरी सहकारी समिति में किसानों के लिए बेहद अच्छी व्यवस्था की गई है। बैठने की जगह, पेयजल, शौचालय, माइक्रो एटीएम और तुलाई की सुचारू व्यवस्था के कारण किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई। सरकार द्वारा किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देने का

## एसईसीएल ने जमीन अधिग्रहण के बाद न रोजगार दिया और न बसाहट

# सरकारी जमीन वापसी के साथ पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग



अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते प्रभावित भूविस्थापित।



मुख्य द्वार के सामने प्रदर्शन करते विस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जरहाजेल के ग्रामीणों ने पूर्व में अधिग्रहित जमीन किसानों को वापस करने के साथ एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा पेड़ों की कटाई के लिए मांगी गई अनुमति को रद्द करने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन कर मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जरहाजेल में पुनर्वास के लिए पेड़ों की कटाई की अनुमति मांगी गई है, जबकि उक्त ग्राम की जमीन अर्जन के लिए वर्ष 1983 में पारित अवार्ड में स्पष्ट रूप से 20 वर्ष के बाद मूलखातेदारों को जमीन वापसी करने की शर्त रखी गई थी।

**खास बात**

- जरहाजेल के प्रभावित भूविस्थापित ग्रामीमों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, किया धरना प्रदर्शन

जरहाजेल के भूविस्थापित दामोदर श्याम, इंद्रप्रकाश और घासीराम कैवर्त ने आरोप लगाया है कि उक्त भूमि को मध्यप्रदेश भू राजस्व सहिता 1959 की धारा 247/1 के तहत भूमि का अधिग्रहण किया गया था और एसईसीएल (तत्कालिन पश्चिमी कोयला प्रक्षेत्र) कुसमुण्डा कालरी के प्रबंधक द्वारा तत्कालिन अतिरिक्त कलेक्टर कोरबा को कोयला उत्खनन के लिए मप्र भू राजस्व सहिता 1959 कि धारा 247/3/ के तहत अनुमति मांगी गई थी। जिसके बाद न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा 27 अप्रैल 1983 को आदेश पारित कर पाँच बिंदुओ के शर्तों के आधार पर दखल करने का अधिकार दिया गया था। न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर के द्वारा उल्लेखित शर्तों के तहत पारित आदेश के बाद 20 वर्षों के बाद उत्खनन हुए क्षेत्र एवं आवास गृह, रेलवे लाईन सडक आदि निर्माण के लिए चाही गई जमीन को 60 वर्षों के बाद भू स्वामियों को वापस करना होगा। संबंधित व्यक्ति को भूमि के वापसी तक भूराजस्व शासन द्वारा निर्धारित आधार पर अदा करना होगा विस्थापित परिवारो को आवश्यक सुविधाए कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य शासन द्वारा समय-समय पर बनाए गये नियम व शर्तों के लिए कंपनी बंधन कारी होगा। ग्रामीणों ने कहा है कि इस आदेश पत्र में निहित शर्तों में अपने परियोजना अंतर्गत अन्य गाँवों को बसाहट दिए जाने का प्रावधान नहीं रखा गया था। उसके बावजूद इस क्षेत्र में पुनर्वास देने का प्रयास किया जा रहा है जो अनुचित है। उक्त गांव में आज भी रोजगार एवं मुआवजा के कई प्रकरण लंबित है जमीन जाने के बाद विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं किसी भी विस्थापित को बसावट प्रदान नहीं किया गया है। जमीन अधिग्रहण के एवॉर्ड उपलब्ध नहीं होने के नाम पर दर्जनों रोजगार को रोक कर रखा गया है। अवॉर्ड कैसे हुआ एसईसीएल बता ही नहीं पा रहा है, तो कैसे किसानों की जमीन का उपयोग एसईसीएल ने किया। यदि आवश्यक ही था तो आवार्ड में दिए गए प्रावधान के अनुसार राज्य सरकार के नीति का पालन कर किसानो के पुनःअर्जन की कार्यवाही किया जाना था, जिसका पालन नहीं किया गया। जरहाजेल के भू विस्थापितों ने कहा की अधिग्रहित जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई के लिए मांगे गए अनुमति रद्द करने और जमीन को मूल खातेदारों परिवार के सदस्यों को सुपुर्दगी करना सुनिश्चित करने की मांग की है और कहा है ऐसा नहीं होने पर आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से संतोष, बजरंग सोनी, मोहन, फीरत, पुरषोत्तम, हरिशरण, विशेश्वर, शिव नारायण, दीनानाथ, डुमन, दुलचंद, रेशम, गंगा प्रसाद, टकेश्वर, कमलेश, केदार कश्यप, लक्ष्मण, वीरेंद्र, राकेश के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जटराज के 10 विस्थापित परिवार उपेक्षा के शिकार न पुनर्वास मिला न आवास का किरायाः जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल।

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर एसईसीएल कुसमुंडा विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्राम जटराज के 10 विस्थापित परिवार को जमीन अधिग्रहण के बदले पुनर्वास व लंबित 8 माह का किराया भुगतान करने की मांग की है।

**खास बात**

- पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल के सीएमडी को लिखा पत्र

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जटराज के लगभग 10 विस्थापित परिवार पिछले 8 माह से उपेक्षा और अमानवीय परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। इन परिवारों के मकान एसईसीएल प्रबंधन द्वारा 8 माह पूर्व तोड़े गए थे, बावजूद इसके अब तक न उन्हें पुनर्वास मिला और न ही वैकल्पिक आवास या किराया भुगतान। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि एसईसीएल ने प्रभावित परिवारों को यह स्पष्ट आश्वासन दिया था कि वैकल्पिक पुनर्वास स्थल तैयार होने तक आप किराए के मकानों में रहें किराया एसईसीएल देगी। परंतु वास्तविकता यह है कि आज तक एक भी माह का किराया भुगतान नहीं किया गया और न ही नई बसाहट का कोई कार्य आरंभ किया गया। पीड़ित परिवारों को चिन्हित बसाहट स्थल में बसने से रोकना और फिर कहीं भी वैकल्पिक व्यवस्था न करना एसईसीएल की संवेदनहीनता और प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। विस्थापित परिवार अपने घरों से वंचित होकर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा तथा सम्मानजनक जीवन की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ महाप्रबंधक (भू राजस्व) द्वारा प्रबंधन एवं प्रशासन को लगातार भ्रामक जानकारी दी जा रही है, जिसकी वजह से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याएँ और भी गम्भीर होती जा रही हैं। इस संबंध में पूर्व में भी कई पत्र एसईसीएल प्रबंधन को भेजे गए, किन्तु अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि ग्राम जटराज के विस्थापित परिवारों को तत्काल पूर्व निर्धारित पुनर्वास स्थल पर बसाया जाए। प्रबंधन द्वारा किए गए वादे के अनुसार पूरे आठ माह का बकाया किराया तुरंत भुगतान किया जाए। जिन परिवारों के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें वैकल्पिक भूमि, आवास एवं आवश्यक सुविधाएँ तत्काल उपलब्ध कराई जाएँ। पूरे प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों की जांच कर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। जयसिंह अग्रवाल ने चेतावनी दी कि यदि एसईसीएल प्रबंधन तत्काल समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाता, तो प्रभावित ग्रामीणों को उच्च प्रशासनिक एवं न्यायिक मंचों पर संघर्ष करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## जागो ग्राहक जागो, अपन हक ल पहचानोः जिला उपभोक्ता आयोग



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कोरबा द्वारा प्रतिमाह जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 23 नवंबर को करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ढ़ोढातराई में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता एवं सदस्य सुश्री ममता दास व पंकज कुमार देवड़ा की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम मे क्षेत्रवासियो को उपभोक्ता जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात मंचस्थ अतिथियो का पुष्पाहार भेंट कर स्वागत किया गया।

**खास बात**

- उपभोक्ता आयोग ने लगाया उपभोक्ता जागरुकता शिविर

उपभोक्ता जागरूकता शिविर में महिलाओं, छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ नागरिक , ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, मितानिन समूह व आम उपभोक्ताओं को उनके उपभोक्ता अधिकारों और कानूनी संरक्षण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता एवं सदस्यगण सुश्री ममता दास व श्री पंकज कुमार देवड़ा ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवा प्राप्त करने, उचित मूल्य चुकाने, जानकारी प्राप्त करने, शिकायत दर्ज करने और क्षतिपूर्ति पाने का वैधानिक अधिकार है। उन्होंने ग्रामीणो को उपभोक्ता कानून के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी वस्तु या सेवा में कमी, अनुचित व्यापार व्यवहार, ओवर बिलिंग, भ्रामक विज्ञापन या सेवा प्रदाय में लापरवाही हो तो उपभोक्ता, जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष सरल प्रक्रिया के माध्यम से वाद प्रस्तुत कर सकता है। किराना दवा, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बीमा, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और ऑनलाइन शॉपिंग, डिजिटल ऑनलाईन फ्राड में उपभोक्ता किस प्रकार सचेत रहकर अपने हितों की रक्षा कर सकते हैं। उनके द्वारा डिजिटल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उपभोक्ता आज विभिन्न पोर्टल और ऑनलाइन प्रणाली के जरिये शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रकरण की स्थिति देख सकते हैं और परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंगच, फेक वेबसाइट, फर्जी कस्टमर केयर नंबर और डिजिटल पेमेंट से जुड़ी जोखिमों के प्रति सावधान करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के व्यावहारिक सुझाव दिए। उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामीणों को जागरूकता पाम्पलेट, शिकायत प्रस्तुत करने का प्रारूप वितरित किया गया। कार्यक्रम में आयोग के नाजीर रामनारायण पटेल, मितानिन समूह के अध्यक्ष मनहरण पटेल, पंच धनसाय मंझवार, रामनरेश जायसवाल गांव के पंच, मितानिन जनपद सदस्य, कोटवार, वरिष्ठ नागरिकगण, महिलाएँ, आम नागरिक व ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## जनजाति समुदाय में बाल विवाह को रोकने अतिरिक्त प्रयास की जरुरत : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में निर्देश देते श्री नाग।

बाल विवाह रोकने के प्रति आम लोगों में जनजागरुकता लाने के उद्देश्य से महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिला पंचायत में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग ने कहा कि बाल विवाह के रोकथाम हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाने के साथ जनजाति समुदाय में बाल विवाह को रोकने के लिए अतिरिक्त प्रयास की जरुरत है। श्री नाग ने कहा कि बाल विवाह करना एवं कराना कानूनन दंडनीय अपराध है। बाल विवाह संपन्न कराने वाले व्यक्तियों, जैसे पंडित, मौलवी आदि को न्यूनतम 2 वर्ष के कठोर कारावास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएं आदि सभी के समन्वित प्रयासों से जिला ही नहीं, पूरा राज्य बाल विवाह मुक्त बनाया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज के मार्गदर्शन में जिले के सभी विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में जन-जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बाल विवाह प्रतिषेध विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक विपिन ठाकुर द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**खास बात**

- जिला पंचायत में बाल विवाह पर आयोजित की गई कार्यशाला

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने उपस्थित बच्चों, अधिकारी,कर्मचारी, स्वयं सेवी संस्थाओं, विभिन्न सामाजिक समुदायों के जन प्रतिनिधियों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई। जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आभा के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की प्रमुख धाराओं एवं प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों एवं प्रतिभागियों को कानूनी प्रावधानों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की भी शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किशोर न्याय बोर्ड, परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के प्रतिनिधि विजय प्रताप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दया दास महंत, धर्मगुरु, सेवा प्रदाता, चाइल्डलाइन 1098 टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोरबा में भी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा शुरू करने की तैयारी

**कोरबा।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का दायरा लगातार बढ़ रहा है। सरगुजा और बस्तर के बाद अब जिले में भी यह सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। परिवहन विभाग ने दोनों जिलों के आरटीओ और जिला प्रशासन से बस सेवा, सड़क स्थिति और कनेक्टिविटी से संबंधित रिपोर्ट मांगी है।

उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में सरगुजा और बस्तर संभाग में 34 बसों का संचालन शुरू होने से यह 11 जिलों के लगभग 250 गांवों को जोड़ रही हैं। जल्द ही 22 और बसें चलेंगी। योजना के तहत कुल 100 बसों का संचालन प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि 4 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में योजना का शुभारंभ किया था। ग्रामीण इलाकों में यातायात सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने नई पहल शुरू की है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही में सड़कों का निर्माण पूरा हुआ है, वहां बसों का संचालन शुरू करने की व्यापक योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य उन गांवों तक नियमित बस सेवा पहुंचाना है, जहां अभी तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए निर्बाध बस कनेक्टिविटी स्थापित की जाएगी।


## कोरबा मार्केट





## एक ही दिन में 1 लाख से अधिक बकाया राशि हुई जमा

# मिशन वरूण को मिल रही आशातीत सफलता, जल कर जमा कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वर्षों से बकाया जलकर की वसूली एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नगर निगम द्वारा संचालित किए जा रहे मिशन वरूण को आशातीत सफलता मिल रही है, एक ओर जहां लोग बर्षो से बकाया जलकर की राशि निगम में जमा करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण एवं पानी के व्यर्थ बरबादी के प्रति जागरूक होकर जल के अपव्यय को रोक रहे हैं। सोमवार को एक ही दिन में 01 लाख रूपये से अधिक की बकाया जलकर राशि लोगों द्वारा जमा कराई गई, वहीं पिछले 10 दिनों में अब तक 06 लाख 85 हजार रूपये बकाया जलकर की राशि निगम कोष में जमा कराई जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत सभी वार्ड व बस्तियों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति जलप्रदाय की विशाल संरचनात्मक ढांचे के माध्यम से प्रतिदिन दो बार की जा रही है तथा इसके लिए नियमानुसार जलकर की राशि आरोपित की गई है किन्तु बर्षो से जलकर की वसूली नहीं हो पा रही थी, जिसके मद्देनजर निगम द्वारा महापौर एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक अभिनव कदम उठाते हुए मिशन वरूण की शुरूआत विगत 14 नवम्बर को की गई। मिशन वरूण का प्रमुख उद्देश्य एक ओर जहां वर्षों से बकाया जलकर की राशि निगम कोष में जमा कराने का है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण व पानी की व्यर्थ बरबादी के प्रति लोगों के बीच जनजागरूकता लाकर जल के अपव्यय को रोकना भी है। निगम द्वारा विगत 10 दिवस से संचालित किए जा रहे मिशन वरूण को आशातीत सफलता मिल रही है, जलकर के बकायादार व आमनागरिक जलकर की राशि को जमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं। मिशन वरूण की टीम को अपना सहयोग दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी हो रहे है, पानी के अपव्यय को रोक रहे हैं। निगम के कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय श्री राकेश मसीह ने बताया कि विगत 10 दिनों में निगम कोष में 6 लाख 85 हजार रूपये की बकाया जलकर राशि जमा कराई जा चुकी है।

**घर-घर पहुंच रही टीमें**

मिशन वरूण टीम के सदस्य वार्ड एवं बस्तियों में पहुंचकर घर-घर दस्तक दे रहे हैं तथा आम लोगों को जल का संरक्षण करने, पानी का अपव्यय रोकने व निगम को देय जलकर का समय पर भुगतान करने आदि के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके साथ ही टीम के सदस्य घरों में पहुंचकर वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था है या नहीं, इसका भी सर्वे कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर घर के नलों में लगी हुई टोटियों, नल की स्थिति, पानी की पाईप लाईन आदि का परीक्षण करते हुए यह भी सुनिश्चित करा रहे हैं कि कहीं पर जल की अनावश्यक बरबादी तो नहीं हो रही, जहॉं कहीं भी अव्यवस्था दिखती है, उसे व्यवस्थित करने का कार्य भी साथ-साथ किया जा रहा है।


आदेश 5 नियम 20 (1क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता
**न्यायालय श्रीमान एकादश अपर मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
राजकुमार श्यामले वगै. आवेदकगण
**विरुद्ध**
टाटा ए.आई जी. जन इं.क.लि.वगै.अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्रं.- 1189/24
पेशी दिनांक 09/01/2025
P No.-23
4. देव सिंह पोर्ते पिता राम सिंह निवासी बतरा पोड़ी थाना पाली जिला कोरबा छ0ग0
(पूर्व वाहन स्वामी मो.सा.क्र. C.G.-12-BD 2858)
आवेदिकागण:- 1) राजकुमार श्यामले पिता स्व. मंगलू राम, 2) प्रमिला श्यामले पति - राज कुमार श्यामले 3) जितेन्द्र कुमार श्यामले पिता राज कुमार श्यामले 4) भुपेन्द्र कुमार श्यामले पिता राज कुमार श्यामले, 5) विरेन्द्र कुमार श्यामले पिता राज कुमार श्यामले, का है ने अनावेदकगण क्र. 04 के द्वारा पूर्व वाहन स्वामी मो.सा.क्रं. C.G.-12-BD-2858 से दिनांक 30.05.2024 को मृतक विकाश सूर्यवंशी उर्फ अंकित श्यामले के दुर्घटना कारित होने से उसकी घटना स्थल पर मृत्यु होने के संबंध में अनावेदकगण क्र. 04 द्वारा पूर्व वाहन स्वामी है तथा अन्य अनावेदकगण के विरूद्ध क्षतिपूर्ति राशि 41,28,800 /- रूपये (इक्तालिस लाख अट्ठाईस हजार आठ सौ रूपये) प्राप्त करने हेतू आवेदन पत्र धारा 166 मो.यान दुर्घटना दावा अधि. का प्रकरण संस्थित किया है।
अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 09/01/2026 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजो सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे।
आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अभ्यास को किया जावेगा।
आज दिनांक 24/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी।
**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**एकादश अपरमोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

आदेश 5 नियम 20 (1क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता
**न्यायालय श्रीमान एकादश अपर मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
उमेश कुमार लास्कर वगै. आवेदकगण **विरुद्ध**
टाटा ए.आई जी. जन इं.क.लि. वगै.अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्रं.- 1190/24
पेशी दिनांक 09/01/2025
PN.-22
4. देव सिंह पोर्ते पिता राम सिंह
निवासी बतरा पोड़ी थाना पाली जिला कोरबा छ0ग0
(पूर्व वाहन स्वामी मो.सा.क्र. C.G.-12-BD-2858)
आवेदकगण :- 1) उमेश कुमार लास्कर पिता स्व. शिव कुमार लास्कर, 2) कनकलता लास्कर पति - उमेश लास्कर, 3) विश्वास लास्कर पिता उमेश लास्कर 4) लोकेश कुमार लास्कर पिता- उमेश लास्कर का है ने अनावेदकगण क्र. 04 के द्वारा पूर्व वाहन स्वामी मो.सा.क्रं. C.G.-12-BD-2858 से दिनांक 30.05.2024 को मृतक समीर लास्कर के दुर्घटना कारित होने से उसकी घटना स्थल पर मृत्यु होने के संबंध में अनावेदकगण क्र. 04 द्वारा पूर्व वाहन स्वामी है तथा अन्य अनावेदकगण के विरूद्ध क्षतिपूर्ति राशि 31,71,600/- रूपये (इकतीस लाख इकहत्तर हजार छः सौ रूपये) प्राप्त करने हेतू आवेदन पत्र धारा 168 मो. यान दुर्घटना दावा अधि. का प्रकरण संस्थित किया है।
अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 09/01/2026 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजो सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे।
आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।
आज दिनांक 24/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी।
**(विजेन्द्र सोनवानी)**
**एकादश अपरमोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय बरपाली में रोसेयो शिविर का हुआ शुभारम्भ

**मड़वारानी।** शासकीय महाविद्यालय बरपाली के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर 25 नवम्बर से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज झा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, अध्यक्षता श्रीमती सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत कोरबा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीता राकेश यादव सभापति जनपद पंचायत करतला , रामप्रसाद कंवर सरपंच ग्राम पंचायत सलिहाभांठा, श्रीमती तुलसी जायसवाल उपसरपंच ग्राम पंचायत सलिहाभांठा, अजय कंवर पूर्व उपाध्यक्ष बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर , राकेश यादव, प्रवीण उपाध्याय,सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती ,छतीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया उसके बाद उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ एंव बेच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण शासकीय महाविद्यालय बरपाली के प्राचार्य डॉक्टर सी.पी, नंद द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन शिविर के कार्यक्रम अधिकारी एंव शिविर संयोजक श्री अरविंद कुमार खाखा द्वारा किया गया।

### विधायक ने सहकारी समिति कोरबी में धान खरीदी का किया शुभारंभ



**हरदीबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानो से धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हो गया है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में विकासखण्ड पाली के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केंद्र कोरबी (धतुरा) में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। उन्होंने समिति में धान विक्रय के लिए आए कृषक परसराम राठौर (भलपहरी) एवं सोमनाथ राठौर (भलपहरी) मौसम राठौर (कोरबी) का पुष्पमाला एवं शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर धान खरीदी की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान संजय राठौर, दुर्गेश कश्यप, सैयद कलाम, विनोद कँवर अध्यक्ष समिति, विजय धनवार सरपंच, सरजू लाल निषाद,रवि राठौर, शिवकुमार मरकाम, अनिरुद्ध कंवर सरपंच ढोलपुर, मौसम राठौर,रामचरण राठौर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम दैहानभाठा (गोढ़ी) में आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का समापन सोमवार को हुआ। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक एवं सह प्रभारी रेणुका लदेर के नेतृत्व में किया गया। मुख्य समारोह में निगम के आयुक्त आशुतोष पांडे मुख्य अतिथि रहे। उ.मा.वि. गोढ़ी की प्राचार्य रिनी दुबे एवं रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी राधाकांत कश्यप उपस्थित थे। शिविर के उद्घाटन दिवस पर मुख्य अतिथि वी.के. पाठक के प्रतिनिधि के रूप में साइबर सेल विशेषज्ञ प्रशांत सिंह एवं डेमन ओगरे उपस्थित हुए। डेमन ओगरे ने साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताते हुए सतर्क रहने की अपील की। योग सत्रों के पश्चात स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली।

### छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ की बैठक आयोजित



**मड़वारानी।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के द्वारा जिले में ड्राइवर मिलन समारोह रखा गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश निर्मलकर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य से 19 जिलों के सभी पदाधिकारी और 19 जिलों में जो ब्लॉक हैं उन ब्लॉक के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में अवगत कराया गया कि वे छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ से जुड़ते हैं तो उन पर 24 घंटे कोई भी दिक्कत परेशानी है अगर आती है तो उसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ आपके साथ सदैव खड़ा मिलेगा, सभी ड्राइवर ड्रेस पहने हुए होने चाहिए, आईडी कार्ड गले में होना चाहिए। यातायात नियम ट्रैफिक नियम रोड लाइंस नियम सभी सिगनलों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी दी गई और कहा गया कि वाहन को स्पीड लिमिट पर ही चलाना चाहिए।

## सहकारिता विभाग ने बीते वर्ष नवंबर महीने में किया था गठन

# एक साल से गठित हैं दूध उत्पादन सहकारी समिति, अब तक शुरु नहीं हो सका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ साथ ग्रामीणों को दूध व्यवसाय से जोड़ने के लिए सहकारी समितियों का गठन बीते वर्ष किया गया था। जिनके द्वारा अब तक दूध उत्पादन का कार्य शुरु भी नहीं किया गया। इस योजना के तहत प्रदेश में गठित दूध सहकारी समितियों के द्वारा जिले की समितियों से दूध खरीदने की योजना थी जो साकार नहीं हो सकी।

सहकारी समितियों के माध्यम से जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में धान खरीदी के कार्य एवं उपभोक्ता भंडारों का संचालन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए दूध के व्यवसाय को भी सहकारी समितियों से जोड़ने की योजना जिले में बीते वर्ष नवंबर महीने में लागू करते हुए इसके तहत 6 समितियों का गठन जिले के ग्रामीण अंचलों में किया गया। दूध ग्रामीण सहकारी समिति के नाम से गठित इन समितियों में सहकारिता विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग ने संयुक्त रुप से कार्यवाही की थी। इन समितियों के गठन के पीछे सरकार की मंशा ग्रामीण अंचलों में दूध के व्यवसाय को संगठित रुप से बढ़ावा देना था। ग्रामीण अपने यहां उत्पादित दूध को इन समितियों में बिक्री करते और इन समितियों से सरकार की दूध सहकारी समिति द्वारा खरीदी की जाती किंतु एक वर्ष हो गए इन 6 समितियों ने अब तक किसी भी ग्रामीण से दूध खरीदी का कार्य शुरु नहीं किया। महज कागजों में दूध सहकारी समिति का गठन कर योजना में अमल करने का काम जरुर किया गया है।

**खास बात**

- सहकारी दूध कंपनियों के द्वारा खरीदी की थी योजना



फाइल फोटो

**शहरी क्षेत्र में ही ज्यादा उत्पादन**

जिले के शहरी क्षेत्रों में ही दूध का उत्पादन ज्यादा होता है। विशेषकर शहर के पंपहाउस, गोकुलनगर, रामपुर, मानस नगर, कोहड़िया, दर्री बस्ती, बैगिनडभार, दादर और खरमोरा इन क्षेत्रों में दूध उत्पादन मवेशी पालक जरुर करते हैं जिनकी खपत शहर के होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी में प्रतिदिन हो रही है। इनके अलावा शहर से लगे हुए गांव गोढ़ी, नकटीखार, बेंदरकोना, गहनिया, खूटामुड़ा, रुगबहरी, गोपालपुर क्षेत्रों में भी दूध उत्पादन मवेशी पालक करते हैं। इसके ठीक विपरीत ग्रामीण अंचलों में व्यवसाय के रुप में दूध उत्पादन नहीं हो पा रहा है लेकिन क्षेत्रों में समितियों का गठन जरुर कर दिया गया है।

**विभाग की डेयरियों पर ही टिका योजना का स्वरुप**

पशु चिकित्सा विभाग की डेयरी योजनाओं पर ही सरकार की दूध खरीदी योजना का स्वरुप टिका हुआ है। विभाग के अंतर्गत छोटी बड़ी कई डेयरी योजनाएं शुरु हुई जिसके तहत ग्रामीणों को मवेशी उपबलब्ध कराए गए। कुछ वर्ष तक तो इन योजनाओं का लाभ लेते हुए ग्रामीणों ने दूध उत्पादन का काम शुरु तो किया लेकिन बाद में धीरे धीरे ग्रामीणों ने मवेशी पालन में रुचि दिखाना बंद कर दिया गया।

**इन क्षेत्रों में गठित हैं समितियां**

| समिति | अध्यक्ष |
|---|---|
| बड़ेबांका | चंद्रकला यादव |
| नानबांका | ओमप्रकाश |
| कोरकोमा | उमेश्वर सोनी |
| सरईसिंगार | बलराम प्रसाद |
| हरदीबाजार | बंशीलाल यादव |
| कोरई | रविशंकर अहिर |

# संजू ने बांग्लादेश में किया कमाल, कबड्डी में ईरान को हराकर भारत पहुंचा फाइनल में



विरोधी को मात देती संजू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला कबड्डी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने रोमांच से भरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने शक्तिशाली ईरान को 33-21 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी नायिका रहीं जिले के पाली विकासखंड के ग्राम केराकछार की प्रतिभाशाली खिलाड़ी संजू देवी, जिन्होंने पूरे मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नौ बेहद महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।

संजू का संतुलित खेल, उनकी फुर्ती, जुझारूपन और निर्णायक क्षणों में धैर्य पूरे मैच में देखने लायक रहा। दूसरा महिला कबड्डी वर्ल्ड कप इस समय बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जारी है, जिसमें 11 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। भारत अब फाइनल में चाइनीज ताइपे के खिलाफ भिड़ेगा। कबड्डी प्रेमी इस मुकाबले का रोमांच टी-स्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर लाइव देख सकेंगे। लीग चरण से ही भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन से दबदबा बनाए रखा। थाईलैंड को 65-20, जर्मनी को 51-16, मेजबान बांग्लादेश को 43-18 और युगांडा को 63-22 को हराते हुए भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। संजू देवी का जज़्बा, साहस और खेल के प्रति समर्पण न केवल पाली, कोरबा और पूरे छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाता है, बल्कि वे आज भारत की नई प्रेरणा बनकर उभरी हैं। भारतीय महिला कबड्डी का भविष्य उनके जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के हाथों में बेहद उज्ज्वल नजर आ रहा है।

**खास बात**

- पाली के ग्राम केराकछार निवासी हैं संजू देवी

# प्राचार्य का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक स्कूल की प्रभारी प्राचार्य ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वर्ष 2024 में उसके पड़ोस में सनिता कोसले नाम की महिला किराए में रहती थी। इसी दौरान सनिता कोसले से उसकी जान-पहचान हो गई थी।

इस बीच सनिता ने प्रभारी प्राचार्य से उधार के रूप में 15 हजार रूपये की राशि मांगी थी। जिस पर उसने सनिता को 15 हजार रूपये दे दिए थे, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद सनिता रकम नहीं लौटा रही थी, जिसे लेकर प्रभारी प्राचार्य ने सनिता से अपने रकम की मांग की थी। जब प्रभारी प्राचार्य उसे पुनः पैसा लेने पहुंचा तो वह मकान खाली कर चुकी थी, जिसके बाद व उसे नये मकान पहुंचा तो सनिता कोसले के अलावा दिनेश सोनवानी नाम का व्यक्ति भी मौजूद थे जो पिछले एक दो बार जब वह वहां गया था तब भी वहां मौजूद रहता था। इस बार प्रभारी प्राचार्य को देखते ही तेजी से उसके पास आया और दारवाजा को अंदर से बंद कर दिया और हसिया लेकर उसे डराने लगा। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य से डरा धमका कर उसके कपड़े उतरवाकर वीडियो बना लिया गया और उक्त वीडियों को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए प्रभारी प्राचार्य से रकम की मांग की जाती थी।

परेशान होकर प्रभारी प्राचार्य ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिस पर पुलिस ने दिनेश सोनवानी व सनिता कोसले के खिलाफ धारा 308 (2), 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 60 दिनों से हाथियों के झुंड ने कोरबा के जंगल को बनाया स्थाई ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में स्थायी ठिकाना बनाने के बाद हाथियों को पुनः एक बार कोरबा वनमंडल का जंगल भाने लगा है। लंबे अंतराल के बाद हाथियों ने पिछले दो महीने से करतला के जंगल में डेरा डाले हुए हैं, जिससे ऐसा लग रहा है कि हाथियों को एक बार फिर से इस जंगल में बेहतर रहवास मिल रहा है। अमूमन हाथियों का झुंड पड़ोसी जिला रायगढ़, धरमजयगढ़ वनमंडल से अक्सर आना जाना करते थे, लेकिन इस बार हाथियों ने डेरा ही जमा दिया है। बताया जाता है कि हाथियों को धान की खड़ी फसल जमकर रास आ रही है, जिसके चलते हाथी अब जंगल से निकलकर मैदानी इलाकों में भी आने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 में पहली बार पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल से हाथियों की झुंड ने कोरबा वनमंडल में दस्तक दी थी। जिसके बाद हाथियों का लगातार कोरबा वनमंडल में आना जाना लगा रहा और 2005 के बाद हाथियों ने कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों को अपना स्थाई रहवास बना लिया था। जबकि इस दौरान हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल की ओर रूख नहीं करता था और कटघोरा वनमंडल में हाथी नजर नहीं आते थे, लेकिन एक दौर आया कि हाथियों के झुंड ने कटघोरा वनमंडल को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया और पिछले पांच वर्षों से कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल में डेरा डाले हुए हैं, जबकि पिछले कुछ वर्षों से हाथी धरमजयगढ़ से कोरबा वनमंडल में कुछ दिनों रहने के बाद अक्सर वापस चले जाया करते थे, लेकिन इस बार हाथियों के झुंड को कोरबा वनमंडल फिर से भाने लगा है। पिछले दो महीने से हाथियों के झुंड ने अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। सबसे ज्यादा 37 हाथियों का झुंड करतला रेंज में है, जो वन विभाग के लिए अच्छी खबर है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी धान कटाई का काम जोरों पर है और कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों का झुंड दर्जनों किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुसान हो रहा है। हाथियों का झुंड जंगल से निकलर मड़वारानी के आसपास मैदानी क्षेत्र की ओर पहुंचने लगे हैं। यदि धान मिसाई का काम पूरा हो जाता है और हाथियों का झुंड कोरबा के जंगल में रूकता है तो इससे यह साफ होगा कि हाथियों के लिए एक बार फिर से कोरबा का जंगल तैयार हो चुका है। हालांकि यह तो आने वाले दिनों में ही स्थिति स्पष्ट होगी।



फाइल फोटो

**खास बात**

- पिछले कुछ वर्षों से धरमजयगढ़ वन मंडल से कोरबा वन मंडल में करते थे आना जाना

**मदनपुर में हाथी विशेषज्ञ ने दिया जागरूकता का संदेश**



कोरबा वनमंडल अंतर्गत विचरण हाथियों के झुंड से मानव द्वंद रोकने वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव के मार्गदर्शन में जनजागरूकता एवं हाथी वन्य प्राणी विशेषज्ञों के सहयोग से वनवासियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण-कोरबा उप वनमंडल के पसरखेत वन परिक्षेत्र में सूर्यकांत सोनी उप वनमंडलाधिकारी के निर्देशन में ग्राम मदनपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रशिक्षण शिविर में 23 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य वन जीव बोर्ड के सदस्य प्रभात दुबे वरिष्ठ हाथी विशेषज्ञ द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया। जिससे समस्त प्रशिक्षाणार्थी, प्रशिक्षक एवं ग्रामीणजन प्रभावित हुए। कार्यक्रम में डब्लूटीआई फिल्ड अधिकारी सुशांतो ने भी अपने अनुभव साझा किये। इसी कड़ी में 24 नवंबर को हाई स्कूल फूलसरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पसरखेत वन परिक्षेत्राधिकारी देवदत्त खांडे एवं उनकी टीम में शामिल साहनीराम राठिया उप वनक्षेत्रपाल, अशोक यादव वनरक्षक, सरोता बंजारे वनरक्षक, दीपक कुजूर गेमगार्ड, कमलेश कौशिक वनपाल, चंद्रशेखर साहू, वनपाल एवं परमेश्वर बंजारे वनरक्षक का योगदान रहा।

# रेत के अवैध परिवहन में लगे 2 ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



जब्त ट्रेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण एवं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पर रोक लगाने के लिए गम्भीरता से कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में एसडीएम पाली रोहित सिंह के दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार पाली सुजीत कुमार पाटले एवं राजस्व निरीक्षक पोड़ी व हल्का पटवारी के द्वारा ग्राम पोड़ी में अवैध रूप से रेत खनन कर परिवहन करते हुए 2 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना पाली को सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार अनुविभाग पाली के हरदीबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम बांधाखार में बिना अनुमति अवैध रूप से शासकीय भूमि पर मिट्टी पटाई कार्य में लगे जेसीबी एवं टीपर वाहन को राजस्व टीम द्वारा जब्त कर हरदीबाजार थाना में सुपुर्द किया गया है। एसडीएम पाली ने कहा कि अनुविभाग में शासकीय भूमि पर किसी भी तरह की अवैध कब्जा एवं रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध खनन व परिवहन पर गम्भीरता से कार्यवाही की जाएगी। आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

# आज होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ

**कोरबा।** बालकोनगर के परसाभाठा वार्ड के गली नंबर-3 (चंद्रा मोहल्ला) में नव दुर्गा महिला समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कल बुधवार 26 नवंबर को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ होगा। 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलने वाले संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का कथा वाचन प्रतिदिन 2 बजे से हरि इच्छा तक सरसिवां (सारंगढ़) की कथावाचिका भागवत मानस ब्यास देवी तन्नु पाठक जी द्वारा किया जाएगा।

# ओएचई लाइन की चपेट में आया कर्मचारी, गंभीर रूप से झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 स्थित यार्ड में दुर्घटना राहत वैन पर चढ़कर पेंटिंग का काम कर रहा कर्मचारी अचानक ओएचई (ओवर हेड इक्विपमेंट) लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार मरम्मत और पेंटिंग का काम एक लोकल पेटी ठेकेदार को दिया गया था। उसके तहत कर्मचारी श्याम चौहान उम्र 25 वर्ष वैन पर चढ़कर पेंटिंग कर रहा था। इसी दौरान अनजाने में वह ऊपरी विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने तत्काल युवक को जिला अस्पताल कोरबा पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि रेलवे यार्ड में खड़ी गाड़ियों की मरम्मत या पेंटिंग का काम हमेशा लाइन काटकर किया जाता है। हादसे के समय भी लाइन बंद थी, लेकिन कार्य के दौरान किसी ने अचानक विद्युत लाइन चालू कर दी, जिसके चलते यह गंभीर दुर्घटना हो गई। मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए उच्च स्तरीय जांच की तैयारी की जा रही है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## पालिटिक्स प्लस

# हितानंद ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने श्री महामाया मंदिर रतनपुर के प्रांगण में पूजा अर्चना की, साथ ही श्री साव का महामाला से स्वागत अभिनंदन करते हुए उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान श्री साव की धर्मपत्नी श्रीमती मीना साव भी उपस्थित रहीं।



श्री अग्रवाल बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ कोरबा से रवाना होकर रतनपुर पहुंचे थे। श्री अग्रवाल ने जन्मदिन की बधाई देने के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव से कोरबा आने हेतु आग्रह भी किया जिसे श्री साव ने सहर्ष स्वीकारते हुए जल्द ही कोरबा प्रवास पर आने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमित तिवारी, लोकेश्वर चौहान, महामंत्री जयनंद राठौर, उपाध्यक्ष मनोज भार्या उपस्थित रहे । साथ ही श्री साव के जन्मदिन के अवसर पर बालको मण्डल के द्वारा वार्ड क्रमांक 43 कैलाश नगर में स्वच्छत्ता का सन्देश देंने के लिए सुबह 11:30 बजे डस्टबिन वितरण भी किया गया, उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए शाम 5 बजे से स्टेट बैंक के पास हनुमान मंदिर मे भजन कीर्तन, हवन एवं भंडारा का आयोजन भी हितानंद अग्रवाल के नेतृत्व में बालको मंडल द्वारा किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

